an>

Title: Need to construct a new railway bridge over river Yamuna near South-Bank Railway Station on Kanpur-Banda section in Uttar Pradesh.

साध्वी निरंजन ज्योति (फतेहपुर) : महोदय, मैं उत्तर प्रदेश के बहुत पुराने पुल की तरफ आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहती हूं। अंग्रेजों के समय में बना 150 वर्ष पुराना पुल, जब वह पुल बना था तब केवल एक-आध ट्रेन वहां से जाती थी, लेकिन आज पूरे दिन में दर्जनों ट्रेन और माल गाड़ियां निकलती हैं। कानपुर से बांदा रोड पर यमुना साउथ बैंक पर स्टेशन के पास बने पुराने पुल को 150 वर्ष के करीब बने हुए हो गया है। इस पुल की रेलवे द्वारा निर्धारित मियादी भी खत्म हो चुकी है, जिसके कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। तुरंत मानक के अनुसार नया पुल बनाने की आवश्यकता है। अतः सदन के माध्यम मेरा केंद्र सरकार से विनम्र अनुरोध है कि यथाशीघ्र उक्त स्थान पर नए पुल का निर्माण कराने की आवश्यकता है। इस संबंध में उचित दिशा-निर्देश जारी करने का कष्ट करें।